# श्याम तेरी चौखट | By Rahul Prajapati

श्याम तेरी चौखट को अपनी पलकों से बुहार दूँ
तन मन ये वार दू तन मन ये वार दू

तुझसे ही पहचान हमारी तुझसे जग में नाम है
तुझसे ही है शोहरत अपनी ये तेरा एहसान है
तेरी सेवा में ही सारा जीवन श्याम गुज़ार दूँ
तन मन ये वार दू तन मन ये वार दू

जनम जनम का साथी तू ही तुझसे ही याराना है
रहे चरणों में ध्यान तुम्हारे तुमको अपना माना है
इन चरणों को अँखियाँ के आंसू से श्याम पखार दूँ
तन मन ये वार दू तन मन ये वार दू

डगमग डगमग डोले नैया मेरी ये मझधार में
शिव सुबोध डूबे ना नैया करदे भव से पार ये
कर देना उपकार ये मुझपे मत करना इनकार तू
तन मन ये वार दू तुझपे तन मन ये वार दू
तन मन ये वार दू तन मन ये वार दू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9a%e0%a5%8c%e0%a4%96%e0%a4%9f-by-rahul-prajapati/